नयन | By Vishwas Shukla

श्याम आ भी जाओ देर ना लगाओ
कर दो ना मुझ पर करम
हो....तरसे नयन तरसे नयन
श्याम आ भी जाओ ....

दिलदार हो दयालु झोली भर दो
हर जनम तुमको पाऊं ऐसा वर दो
सेवा मिले तुम्हारी कुछ ना चाहु प्रभु
तुमसे ही मेरा जीवन बस ये जानू प्रभु
प्यार अब लुटा दो, दूरियां घटा दो
मिटा दो ना सारे भरम
श्याम आ भी जाओ ....

इन्कार ना करोगे मेरे बाबा
मुझे तुम पर भरोसे खुद से ज़्यादा
तुमसे ही सांवरे हैं उमीदें मुझे
दिल के ज़ख्म ये बाबा मैं दिखाऊं तुझे
तेरा प्यार पा कर नाम तेरा गा कर
सुधरेगा मेरा जनम
श्याम आ भी जाओ, लाज तुम बचाओ
कर दो न मुझ पर करम

मुझे रात दिन सताये याद तेरी
आ भी जाओ करो ना श्याम देरी
टूटा है धीर मेरा, श्याम जाऊं कहाँ
तेरे बिना है सूना श्याम सारा जहाँ
सोनी की कलाई थाम लो कन्हाई
गाऊं श्याम तेरे भजन
श्याम आ भी जाओ ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%af%e0%a4%a8-by-vishwas-shukla/